# HIGH COURT BAR ASSOCIATION, INDORE

High Court Building, South Tukoganj, M.G. Road, INDORE

Email : indorehcba@gmail.com

PRESIDENT
**MANISH YADAV**
M. : 93032-76150

SECRETARY
**MANISH GADKAR**
M. : 98260-81345

VICE PRESIDENT
**ABHISHEK TUGNAWAT**
94250-70514

JOINT SECRETARY
**AMIT RAJ**
80858-61088

EXECUTIVE MEMBER
**RAHUL PANCHAL**
99812-84340

**TEJUS JAIN**
77749-73975

**AMAN MALVIYA**
89621-65127

**RASHMENDRA SURYAVANSHI**
96305-27309

**ARNIK JAIN**
98266-43729


**HCBA/MAR -43/2026** **Date:- 31.03.2026**

**प्रति,**
**माननीय श्री संजीव सचदेवा साहब**
**माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय,**
**उच्च न्यायालय, जबलपुर (म.प्र.)**

**विषयः बेल एप्लीकेशन एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों की समय पर लिस्टिंग न होने संबंधी समस्या के निराकरण हेतु निवेदन।**

**महोदय,**

सविनय निवेदन है कि उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, इंदौर की ओर से आपका ध्यान इंदौर खंडपीठ में वर्तमान में उत्पन्न एक अत्यंत गंभीर एवं व्यावहारिक समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहते हैं।

विगत कुछ समय से यह निरंतर अनुभव किया जा रहा है कि बेल एप्लीकेशनों (जमानत आवेदनों) के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों, जैसे—स्टे आवेदन, अंतरिम राहत संबंधी प्रकरण, एवं तात्कालिक सुनवाई अपेक्षित मामलों की समय पर लिस्टिंग नहीं हो पा रही है। प्रस्तुत प्रकरणों को सूचीबद्ध करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिससे अनावश्यक पेंडेंसी बड रही है जिससे पक्षकारों को न्याय प्राप्ति में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विशेष रूप से बेल प्रकरणों में लिस्टिंग में विलंब अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि ये प्रकरण सीधे तौर पर व्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित होते हैं। समय पर सुनवाई न होने के कारण कई प्रकरणों में आवेदकों को अनावश्यक रूप से अधिक अवधि तक कारावास में रहना पड़ रहा है, जो न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

इसी प्रकार, अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों की लिस्टिंग में विलंब के कारण—

1. अंतरिम राहत प्राप्त करने में देरी हो रही है, जिससे पक्षकारों को अपूरणीय क्षति उठानी पड़ रही है।
2. अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को बार-बार न्यायालय आना पड़ रहा है, जिससे समय एवं संसाधनों की हानि हो रही है।
3. न्यायिक प्रक्रिया की गति प्रभावित हो रही है तथा न्याय व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उक्त समस्या के संभावित कारणों में लिस्टिंग प्रक्रिया का अत्यधिक भार, तकनीकी अथवा प्रशासनिक अड़चनें, एवं मामलों के उचित वर्गीकरण का अभाव प्रतीत होता है।

Scanned with OKEN Scanner

# HIGH COURT BAR ASSOCIATION, INDORE

High Court Building, South Tukoganj, M.G. Road, INDORE
Email : indorehcba@gmail.com

PRESIDENT
**MANISH YADAV**
M. : 93032-76150

SECRETARY
**MANISH GADKAR**
M. : 98260-81345

VICE PRESIDENT
**ABHISHEK TUGNAWAT**
94250-70514

JOINT SECRETARY
**AMIT RAJ**
80858-61088

EXECUTIVE MEMBER
**RAHUL PANCHAL**
99812-84340

**TEJUS JAIN**
77749-73975

**AMAN MALVIYA**
89621-65127

**RASHMENDRA SURYAVANSHI**
96305-27309

**ARNIK JAIN**
98266-43729


अतः संघ की ओर से विनम्र निवेदन है कि कृपया इस समस्या के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें, जिससे—

- बेल एवं अन्य तात्कालिक प्रकरणों की प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र लिस्टिंग सुनिश्चित की जा सके,
- आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बेंच/विशेष बेंच का गठन किया जा सके,
- लिस्टिंग प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया जा सके,
- एवं अत्यावश्यक मामलों के लिए पृथक श्रेणी (urgent listing mechanism) विकसित की जा सके।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल मार्गदर्शन एवं हस्तक्षेप से इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान संभव हो सकेगा, जिससे न्यायिक व्यवस्था में विश्वास एवं कार्यकुशलता और अधिक सुदृढ़ होगी।

**द्वारा :- प्रिंसिपल रजिस्ट्रार इंदौर**

MANISH YADAV
PRESIDENT
HIGH COURT BAR ASSOCIATION,
INDORE

**मनीष यादव**
**अध्यक्ष**
**उच्च न्यायलय अभिभाषक संघ**
**इंदौर**

MANISH GADKAR
SECRETARY
HIGH COURT BAR ASSOCIATION,
INDORE

**मनीष गड़कर**
**सचिव**
**उच्च न्यायालय अभिभाषक**
**इंदौर**

Scanned with OKEN Scanner